# पेसो की महत्वपूर्ण उपलब्धियां



**कार्यालय संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, आगरा कार्यालय को क्षेत्रीय पुरस्कार**

वर्ष 2012-2013 के लिए उत्तर क्षेत्र-2 (उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड) में क्षेत्रीय स्तर पर केन्द्र सरकार के समस्त कार्यालयों में राजभाषा में श्रेष्ठ कार्य निष्पादन के लिए संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, आगरा कार्यालय को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया । पुरस्कार स्वरूप कार्यालयाध्यक्ष को एक शील्ड एवं संघ की राजभाषा नीति के श्रेष्ठ निष्पादन में तृतीय स्थान प्राप्त करने में सराहनीय योगदान के लिए राजभाषा अधिकारी, डा० करूणामय पाण्डेय, विस्फोटक नियंत्रक को नियंत्रक को उनके नाम से प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया । दिनांक 31.03.2014 को चण्डीगढ़ में आयोजित क्षेत्रीय राजभाषा पुरस्कार सम्मेलन में कार्यालय की ओर डा० करूणामय पाण्डेय, विस्फोटक नियंत्रक ने मुख्य अतिथि महामहिम राज्यपाल श्री शिवराज पाटील जी के हाथों से उक्त शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया ।

# संगठन की राजभाषायी गतिविधियाँ

## कार्यालय मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, मुख्यालय, नागपुर राजभाषायी निरीक्षण :-

डॉ .सतीश चन्द्र ,उप निदेशक) राजभाषा (वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ,औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग द्वारा दिनांक25 .11. 2013को मुख्य विस्फोटक नियंत्रक ,नागपुर कार्यालय का राजभाषायी निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान उन्होंने मुख्य विस्फोटक नियंत्रक तथा राजभाषा अधिकारियों से चर्चा की तथा हिन्दी के प्रयोग पर संतोष जताया । द्विभाषी रूप में उपलब्ध ऑनलाईन अनुज्ञप्तियों एवं मॉडयूल की भी उन्होने प्रशंसा की । मुख्यालय में हो रहे हिन्दी के प्रगामी प्रयोग की सराहना करते हुए उन्होने निरीक्षण रिपोर्ट में लिखा - कार्यालय द्वारा हिन्दी गृह पत्रिका 'विस्फोटक दर्पण' का सतत प्रकाशन किया जा रहा है जिसका लगातार पुरस्कृत होना तथा नराकास, नागपुर द्वारा भी पिछले कुछ वर्षों से नागपुर कार्यालय को निरंतर पुरस्कृत किया जाना एक उल्लेखनीय बात है । कार्यालय द्वारा नराकास के तत्वाधान में अंतरकार्यालयीन हिन्दी प्रतियोगिता का आयोजन कराना तथा हिन्दी अधिकारी जो नराकास, नागपुर की कार्यकारी सदस्या हैं, द्वारा प्रतियोगिता में प्रदर्शित कहानियों का एक संकलन पुस्तक के रूप में प्रकाशित करवाना सराहनीय है।

डॉद्वारा ,सतीश चन्द्र . दिनांक 26.11. विभगीय ,टक नियंत्रक विस्फोको कार्यालय उप मुख्य 2013परीक्षण केन्द्र ,गोंडखैरी का भी राजभाषायी निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान राजभाषा अधिकारी श्री रजनिश पिपलानी, उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक तथा श्रीमती वैशाली चिरडे, हिन्दी अधिकारी उपस्थित थे ।

### कार्यशालाएं

1. मुख्य विस्फोटक नियंत्रक ,नागपुर कार्यालय में दिनांक03 .01. 2014को" **योग्यता उन्नयन )Competency Building "**(इस विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया । श्री पी.सी .श्रीवास्तव ,संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक तथा डॉ .एस .कमल ,संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक ने इस कार्यशाला को संबोधित किया ।
2. बहुमंजिला इमारतों में प्रायः घटने वाली अग्नि दुर्घटनाओं के प्रति जागरुकता फैलाने तथा उससे बचाव के उपायों की जानकारी देने के उद्देश्य से मुख्य विस्फोटक नियंत्रक ,नागपुर कार्यालय में दिनांक 10.01. को 2014 **"अग्निशामक यंत्र )Fire Extinguisher "**(के डेमो का आयोजन किया गया । इसमें सभी अधिकारी तथा कर्मचारियों ने भाग लिया ।
3. दिनांक 23.10.2013 को मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, नागपुर कार्यालय में आईएसओ प्रमाणन संबंधी विस्तृत जानकारी देने हेतु एक कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस कार्यशाला में कर्मचारियों को आईएसओ प्रमाणन की आवश्यकता तथा प्रमाणन के विभिन्न चरणों के बारे में अवगत कराया गया ।

सभी कार्यशालाएं पूर्णतया: सफल एवं मार्गदर्शक रही।

### कार्यालय मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, नागपुर के अधिकारियों द्वारा वर्ष 2013-014 में किए गए राजभाषायी निरीक्षण

| निरीक्षण की तारीख | निरीक्षित कार्यालय | निरीक्षण अधिकारी |
|---|---|---|
| 25.11.2013 | उप मु.वि.नि. कार्यालय, विभागीय परीक्षण केन्द्र, गोंडखैरी | श्रीमती वैशाली चिरडे, हि.अ. |
| 02.12.2013 | उप मु.वि.नि. कार्यालय, मंगलूर | डा. एस. कमल, सं.मु.वि.नि. |
| 20.01.2014 | सं. मु.वि.नि. कार्यालय, आगरा | श्री टी. आर. तोमस, मु.वि.नि. |
| 31.01.2014 | सं. मु.वि.नि. कार्यालय, चेन्नई | श्री टी. आर. तोमस, मु.वि.नि. |
| 18.02.2014 | उप मु.वि.नि. कार्यालय, भोपाल | डा. एस. कमल, सं.मु.वि.नि. |
| 04.03.2014 | उप मु.वि.नि. कार्यालय, जयपुर | श्री टी. आर. तोमस, मु.वि.नि. |
| 07.03.2014 | वि.नि. कार्यालय, वर्धा | श्रीमती वैशाली चिरडे, हि.अ. |

## कार्यालय संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, मध्यांचल, आगरा

दिनांक 27.01.2014 को श्री कैलाश कुमार, संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, एवं डा० करूणामय पाण्डेय, विस्फोटक नियंत्रक एवं राजभाषा अधिकारी, आगरा द्वारा कार्यालय उप-मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, इलाहाबाद के राजभाषायी कार्यों का निरीक्षण किया ।

दिनांक 18.02.2014 को श्री कैलाश कुमार, संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, आगरा एवं डा. एस. कमल, संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक ( मुख्यालय ) द्वारा भोपाल के राजभाषायी कार्य का निरीक्षण किया गया ।

दिनांक 06.03.2014 को राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (उत्तर) गाजियाबाद के प्रतिनिधि श्री के.पी. शर्मा, सहायक निदेशक ने कार्यालय के राजभाषा सम्बन्धी कार्यों का निरीक्षण / भौतिक सत्यापन किया । दिनांक 20.01.2014 को श्री टी० आर० तोमस, मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, नागपुर द्वारा कार्यालय की गृह पत्रिका “मध्यांचल दर्पण – अंक 10” का विमोचन किया गया । इस अवसर पर उपांचल कार्यालयों के सभी कार्यालय प्रमुख भी उपस्थित थे ।




श्री टी० आर० तोमस, मु.वि.नि.,नागपुर द्वारा “मध्यांचल दर्पण – अंक 10” का
विमोचन किया गया । इस अवसर पर मध्यांचल के अन्य अधिकारी उपस्थित थे ।

## कार्यालय संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, पश्चिम अंचल, मुंबई

1) कार्यालय संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक**,** पश्चिम अंचल**,** मुंबई में दि.22.01.2013 को बैंक ऑफ इंडिया**,** सीबीडी, बेलापुर द्वारा नराकास के सहयोग से मुंशी प्रेमचंद की कहानियों पर आधारित हिन्दी नाट्य रूपान्तर का कार्यक्रम आयोजित किया गया था । इस कार्यक्रम में कार्यालय के श्री दीपक कुमार**,** उप-विस्फोटक नियंत्रक तथा श्री राकेश कुमार**,** अवर श्रेणी लिपिक ने भाग लिया ।

2) दि.15.02.2013 को भारतीय नौवहन निगम लि, पवई, मुंबई में संगठनात्मक परिवर्तन प्रबंधन पर आयोजित हिन्दी सेमिनार में कार्यालय के श्री दीपक कुमार, उप-विस्फोटक नियंत्रक तथा श्री राकेश कुमार, अवर श्रेणी लिपिक ने भाग लिया ।

3) दि.21.02.2013 को युनियन बैंक ऑफ इंडिया, ठाणे की ओर से आयोजित आशुभाषण प्रतियोगिता में कार्यालय के श्री दीपक कुमार, उप-विस्फोटक नियंत्रक तथा श्री राकेश कुमार, अवर श्रेणी लिपिक ने भाग लिया ।


**कार्यालय संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, पूर्वांचल, कोलकाता** कार्यालय संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक**,** पूर्वांचल**,** कोलकाता में दि.11.12.2013 को विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया तथा दि.12.12.2013 को हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया ।

## कार्यालय संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियन्त्रक, उत्तरी अंचल, फरीदाबाद:

1.डा. अनूप कुमार संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, उत्तरी अंचल, फरीदाबाद ने दिनांक 22/11/2013 को नराकास, फरीदाबाद द्वारा आयोजित हिन्दी बैठक में भाग लिया।

2.कार्यालय संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, उत्तरी अंचल, फरीदाबाद में दिनांक 26/12/2013 को हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला को श्री राजकुमार शर्मा, सहायक निदेशक, राजभाषा, वनस्पति संरक्षण, संगरोध एवं संग्रह निदेशालय, ने "राजभाषा नियम 1976 के अन्तर्गत उल्लिखित नियम 1 से 12 पर चर्चा" विषय पर सम्बोधित किया तथा राजभाषा हिन्दी में हो रहे कार्य की मुक्त कण्ठ से प्रशंसा की । यह कार्यशाला पूर्णतया: सफल एवं मार्गदर्शक रही ।

## कार्यालय विस्फोटक नियंत्रक, देहरादून




1) दिनांकः **18.11.2013** को नराकास, देहरादून की छमाही बैठक में कार्यालय प्रमुख डा. श्रीमती आर.आर.गुप्ता. विस्फोटक नियंत्रक एवं हिंदी अधिकारी डा. विवेककुमार, उप विस्फोटक नियंत्रक द्वारा भाग लिया गया ।

2) दिनांकः **19.11.2013** को नराकास, देहरादून में "राजभाषा हिंदी में प्रशासनिक एवं विज्ञान लेखन कार्य की आवश्यकता एवं सहजता तथा जल और जीवन" विषय पर आयोजित हिंदी कार्यशाला में हिंदी अधिकारी डा. विवेक कुमार, उप विस्फोटक नियंत्रक ने भाग लिया।

3) दिनांकः **03.12.2013** को कार्यालय प्रमुख डा.श्रीमती आर.आर.गुप्ता, उप विस्फोटक नियंत्रक की अध्यक्षता में तृतीय त्रैमासिक हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें "परचेज मैनेजमेंट इन गवर्नमेंट" विषय पर चर्चा की गई।